Seventeenth Loksabha

>

Title: Development of Chavan as nirvana sithal of Maharana Pratap as a tourist site in Udaipur, Rajasthan.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): धन्यवाद अध्यक्ष जी, आपने मुझे मेरे संसदीय क्षेत्र उदयपुर के बारे में बोलने की मुझे अनुमति दी।

आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मेरे उदयपुर संसदीय क्षेत्र में चावण जो महाराणा प्रताप का निर्वाण स्थल है, जहां पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के टाइम में इसका विकास हुआ था और द्वार और बगीचे बने थे। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि उदयपुर में जो महाराणा प्रताप का जन्म स्थल कुम्भलगढ़, गोगुंदा जहां उनका राजतिलक हुआ और उनकी निर्वाण स्थली चावण मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है। उन सभी जगहों का विकास करने के लिए आपके माध्यम से टूरिज्म मिनिस्टर से मैं मांग करता हूं कि उस क्षेत्र के विकास के लिए, जहां हाड़ी रानी सलुम्बर …(व्यवधान) भील योद्धा का गढ़ बना हुआ है। इन सभी क्षेत्रों और केसरिया जी का जो जैन धर्म का प्रथम तीर्थंकर है। उस स्थान को आदिवासी अपनी आस्था का केन्द्र मानते हैं। इन सभी स्थलों के निर्माण के लिए, उन सभी के विकास के लिए, जो भारत सरकार की योजना है, प्रसाद और दर्शन योजना से जोड़कर उस क्षेत्र का विकास करने के कार्य में आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री सी.पी. जोशी और कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री अर्जुन लाल मीणा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।